राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 13

किशोरावस्था

कार्यपत्रक - 13

1. “बचपन से वयस्क तक बढ़ने की अवधि को किशोरावस्था कहते हैं।” दिए गए कथन की प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए।
2. किन्हीं दो किशोरों का साक्षात्कार लें और किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के संबंध में उनके अनुभवों को समझें।
3. किशोर आयु वर्ग के लिए वैकासिक कार्यों की एक जांच सूची तैयार कीजिये और कम से कम सात किशोरों का साक्षात्कार लें । प्राप्त आंकड़ों पर एक रिपोर्ट तैयार करें।
4. किशोरावस्था में संवेग की अनुभूति अत्यंत तीव्र होती है। आपके विचार में, क्या कथन सत्य/असत्य है? कारण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।
5. अपने दोस्तों और साथियों पर निर्भरता के संदर्भ में किशोरावस्था में अपने व्यक्तिगत अनुभव पर चिंतन करें और लिखें।
6. पाठ 11 और 12 का संदर्भ लें; नैतिक विकास के चरणों की व्याख्या कीजिए। वर्णन करें कि ये चरण एक दूसरे से कैसे भिन्न हैं।
7. एक किशोर के रूप में, एक व्यक्ति को जीवन के विभिन्न पहलुओं में कुछ सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इनमें से कुछ समस्याओं की सूची बनाएं।
8. एक शिक्षण संस्थान "किशोर मुद्दे - नशीली दवाओं की लत और एस.टी.डी (STDs)" पर एक सेमिनार आयोजित कर रहा है। आप इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित हैं। किशोरों को महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एक भाषण तैयार कीजिये।
9. आपकी राय में, समाज किशोर/किशोर मुद्दों से कैसे निपट सकता है? समझाइये।